भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2689

दिनांक 16 मार्च, 2026

पेट्रोल और डीजल की कीमत

2689 श्री संदोष कुमार पीः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान पेट्रोल और डीजल की कीमतों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को देश भर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अंतरराज्यीय भिन्नता की जानकारी है;

(ग) क्या सरकार को प्रत्येक राज्य में वाणिज्य और उद्योग पर इस अंतरराज्यीय भिन्नता के नकारात्मक प्रभाव की जानकारी है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार की पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के अंतर्गत लाने की कोई योजना है?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री सुरेश गोपी)

(क) प्रत्येक वर्ष की 1 अप्रैल की स्थिति के अनुसार, अप्रैल 2024 से पेट्रोल और डीज़ल के आरएसपी का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) और (ग) पेट्रोल और डीज़ल के मूल्य बाज़ार द्वारा निर्धारित होते हैं और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियाँ (ओएमसी) पेट्रोल और डीज़ल के मूल्य निर्धारण पर उचित निर्णय लेती हैं। पेट्रोल और डीज़ल की अंतिम बिक्री के मूल्य में केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित उत्पाद शुल्क और संबंधित राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित राज्य मूल्य वर्धित कर (वैट)/कर शामिल होते हैं। अंतर माल की ढुलाई दरों, वैट /स्थानीय शुल्कों आदि में भिन्नता के कारण, देश भर के विभिन्न राज्यों में पेट्रोल और डीज़ल के मूल्य अलग-अलग हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी ने एक ही राज्य के भीतर मूल्यों के अंतर को कम करने के लिए अंतर-राज्यीय माल ढुलाई दरों का युक्तिकरण भी किया है।

(घ) जीएसटी परिषद ने 17 सितंबर 2021 को आयोजित अपनी 45वीं बैठक में पेट्रोल/डीज़ल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत शामिल करने पर विचार किया था, लेकिन परिषद द्वारा इस मामले को स्थगित कर दिया गया।

*****

अनुलग्नक

'पेट्रोल और डीजल की कीमत' के संबंध में श्री संदोष कुमार पी द्वारा दिनांक 16.03.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2689 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पेट्रोल और डीजल के खुदरा बिक्री मूल्य

(रु./ लीटर)

राज्य/केंद्रशासित प्रदेश	संदर्भ शहर	पेट्रोल निम्नलिखित तिथि के अनुसार			डीजल निम्नलिखित तिथि के अनुसार		
		01.04.24	01.04.25	11.03.26	01.04.24	01.04.25	11.03.26
दिल्ली	नई दिल्ली	94.72	94.77	94.77	87.62	87.67	87.67
पश्चिम बंगाल	कोलकाता	103.94	105.01	105.45	90.76	91.82	92.02
महाराष्ट्र	मुंबई	104.21	103.50	103.54	92.15	90.03	90.03
तमिलनाडु	चेन्नई	100.75	100.80	100.84	92.34	92.39	92.39
त्रिपुरा	अगरतला	97.47	97.53	97.53	86.50	86.55	86.55
मिजोरम	आइजोल	93.79	99.15	99.06	80.38	87.97	87.92
हरियाणा	अम्बाला	95.49	95.54	95.94	88.32	88.37	88.37
कर्नाटक	बेंगलुरु	99.84	102.92	102.96	85.93	90.99	90.99
मध्य प्रदेश	भोपाल	106.47	106.52	106.52	91.84	91.89	91.89
ओडिशा	भुवनेश्वर	101.06	101.11	101.11	92.64	92.69	92.69
चंडीगढ़	चंडीगढ़	94.24	94.30	94.30	82.40	82.45	82.45
उत्तराखंड	देहरादून	93.47	93.51	93.35	88.29	88.34	88.24
गुजरात	गांधीनगर	94.65	94.70	94.70	90.32	90.38	90.38
सिक्किम	गंगटोक	100.85	101.90	103.35	88.00	89.05	90.45
असम	गुवाहाटी	96.13	98.190	98.19	88.38	89.42	89.42
तेलंगाना	हैदराबाद	107.41	107.46	107.50	95.65	95.70	95.70
मणिपुर	इंफाल	99.11	99.15	99.21	85.19	85.23	85.26
अरुणाचल प्रदेश	ईटानगर	90.85	90.90	90.87	80.35	80.40	80.38
राजस्थान	जयपुर	104.88	104.72	104.72	90.36	90.21	90.21
पंजाब	जालंधर	96.19	96.87	97.55	86.41	87.38	87.38
नगालैंड	कोहिमा	97.34	97.70	97.70	85.55	88.82	88.83
उत्तर प्रदेश	लखनऊ	94.65	94.69	94.69	87.76	87.81	87.81
गोवा	पणजी	95.21	96.43	96.43	87.77	88.20	88.20
बिहार	पटना	105.18	105.23	105.23	92.04	92.09	91.49
पुदुचेरी	पुदुचेरी	94.21	96.26	96.26	84.43	86.47	86.47
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	श्री विजया पुरम	82.42	82.46	82.46	78.01	78.05	78.05
छत्तीसगढ	रायपुर	100.39	99.44	99.44	93.33	93.39	93.39
झारखंड	रांची	97.81	97.86	97.86	92.56	92.62	92.62
मेघालय	शिलांग	96.27	96.3	96.25	86.97	87.50	87.47
हिमाचल प्रदेश	शिमला	95.29	95.06	95.05	87.28	87.31	87.13
जम्मू एवं कश्मीर	श्रीनगर	99.91	100.94	100.70	84.99	87.02	86.88
केरल	तिरुवनंतपुरम	107.56	107.48	107.48	96.43	96.48	96.48
दादर और नगर हवेली और दमन और दीव	दमन	92.39	92.44	92.44	87.88	87.94	87.94
लद्दाख	लेह	102.28	102.28	102.35	87.39	87.41	87.45
आंध्र प्रदेश	अमरावती	109.69	109.74	109.74	97.52	97.57	97.57
लक्षद्वीप	कावारत्ती	100.75	100.75	100.75	95.71	95.71	95.71

स्रोत: पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)